भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. +4236
सोमवार, 22 मार्च, 2021/1 चैत्र, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**अलप्पुझा में पर्यटन का संवर्धन**

**+4236. एडवोकेट ए.एम. आरिफ:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा केरल में, विशेषकर अलप्पुझा में पर्यटन के विकास और संवर्धन हेतु कार्यान्वित की गई/की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान पर्यटन के विकास और संवर्धन हेतु अलप्पुझा सहित केरल राज्य में कितने पर्यटन स्थलों को चुना गया है/चिह्नित किया गया है और सरकार द्वारा गत तीन वर्षों के दौरान उक्त प्रयोजन हेतु आबंटित निधि और वहन की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) अब तक तैयार की गई और कार्यान्वित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार को स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत निधि की स्वीकृति हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

(क) से (घ): पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रसाद)' नामक योजनाओं के अंतर्गत पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केरल सहित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को उनके परामर्श से वित्तीय सहायता देता है। इन योजनाओं के तहत परियोजनाओं को स्वीकृति निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों की उपयोगिता आदि की शर्त पर दी जाती है। 'स्वदेश दर्शन' योजना के अंतर्गत केरल राज्य में किसी नई परियोजना की स्वीकृति हेतु कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

'स्वदेश दर्शन' तथा 'प्रसाद' योजनाओं के अंतर्गत केरल राज्य में स्वीकृत सभी परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*******

**अनुबंध**

अलप्पुझा में पर्यटन का संवर्धन के सम्बन्ध में दिनांक 22.03.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. +4236 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**केरल में स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत की गई परियोजनाओं का विवरण**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परिपथ** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **निर्मुक्त राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्वदेश दर्शन** | | | | | |
| 1. | इको परिपथ | 2015-16 | पथनमथीट्टा - गावी - वागामोन - थेक्काडी का विकास | 76.55 | 61.24 |
| 2. | आध्यात्मिक परिपथ | 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली - पंपा - सन्नीधानम का विकास | 99.99 | 20.00 |
| 3. | आध्यात्मिक परिपथ | 2016-17 | श्री पद्मनाभ, अर्नामुला - सबरीमाला का विकास | 92.22 | 73.77 |
| 4. | ग्रामीण परिपथ | 2018-19 | मलनाड, मालाबार क्रूज टूरिज्म प्रोजेक्ट का विकास | 80.37 | 23.77 |
| 5. | आध्यात्मिक परिपथ | 2018-19 | सिवागिरि श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुनुमपारा श्री सुब्रामणिया - चेंबाझांती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 69.47 | 1.61 |
| **प्रशाद** | | | | | |
| 6. | 2016-17 | | गुरुवयूर मंदिर का विकास | 46.14 | 36.91 |

*******